हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 अप्रैल 2025

11 तेरे दर पर जिसने भी झोली फैलाई ,तूने मैया ...



12 एलपीजी के बढ़े दाम वापस लेने की मांग



SANSKARAM
GROUP OF SCHOOLS, JHAJJAR
India's Most Trusted School for Integrated Classroom Programme
IIT-JEE NEET NDA MNS CLAT
CA-CS CUET SSC VVM VSSF
कॉम्पीटिशन मतलब संस्कारम
IIT- JEE Advanced Selections
99.99 %ile Selection in IIT (BHU) Varanasi
Dishant S/O Mr. Devender Village - Paharipur
99.96 %ile Selection in IIT Guwahati
Chirag S/O Mr. Satender Village - Paharipur
2025-26 ADMISSION OPEN
FULLY AC HOSTEL FACILITY FOR BOYS & GIRLS
JHAJJAR CAMPUS : NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar, 8222889860, 8222889862 | PATAUDA CAMPUS : NH. 352, Patauda, Near Kulana, Jhajjar , 9053007801, 9053007802

## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर निकलेगी ध्वजा यात्रा

**बहादुरगढ़।** हनुमान जयंती इलाके में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस उपलक्ष्य में शहर में कई जगह कार्यक्रम होंगे। जटवाड़ा स्थित तीन शक्ति मंदिर की ओर से भी ध्वजा यात्रा और भंडारे का आयोजन किया गया है। आगामी 12 अप्रैल को सुबह हवन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर को भंडारा किया जाएगा।

### डाबोदा में लाठी, डंडों व पिस्तौल के बट से हमला

**बहादुरगढ़।** गांव डाबोदा में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। इस झगड़े में कुछ लोग घायल हो गए। फिलहाल एक पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मनीष ने कहा है कि मैं खेतीबाड़ी करता हूं। सोमवार को अपने मवेशियों को लेकर तालाब पर गया था। चाचा का लड़का अमित भी पानी लेने वहां से जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग वहां आ गए। उनके हाथ में डंडे, रॉड आदि हथियार थे। उन्होंने हम पर हमला कर दिया। एक युवक ने अमित के सिर पर पिस्तौल का बट मारा। गांव के लोगों ने बीच बचाव किया तो वे धमकी देकर भाग गए। इस शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की ओर से भी शिकायत देने की बात सामने आई है। हालांकि मंगलवार शाम तक एफआईआर नहीं हो सकी

### निमार्णाधीन मकान से फिटिंग में लगी तार चोरी

**झज्जर।** स्थानीय कंवर सिंह कालोनी में एक निर्माणाधीन मकान से बिजली फिटिंग में लगी तारें चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में बिरधाना गांव निवासी सुदर्शन ने बताया कि वह कंवर सिंह कालोनी में एक मकान बना रहा है। इस मकान में बिजली फिटिंग का काम पूरा हो गया तो उसने शेष बिजली तारों व सामान को प्लास्टिक कट्टे में रखा था। इसके अलावा ग्यारह रोल कमरे में रखे थे। जब वह मकान पर पहुंचा तो वहां से किसी ने न केवल फिटिंग की तारें निकाल ली व सामान चोरी कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### छोटूराम नगर में लड़की ने फंदा लगाया

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर में एक महिला का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। मृतका की पहचान करीब 20 वर्षीय रिंकी के रूप में हुई है। प्रवासी मूल की रिंकी यहां परिवार सहित रहती थी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को उसका पति काम पर गया हुआ था। वह घर पर अकेली थी। दोपहर को परिजन आए तो वह कमरे में फंदे पर लटकती हुई मिली। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### मांडोठी के खेत से सोलर सिस्टम का सामान चोरी

**बहादुरगढ़।** खेतों में चोरी की वारदात बढ़ रही है। अब मांडोठी निवासी एक किसान के खेत में वारदात हो गई। यशवीर सिंह का कहना है कि मांडोठी के शादपुर रकबे में उसकी कृषि भूमि है। सिचांई आदि कार्य के लिए सोलर मोटर लगवा रखी है। गत सात अप्रैल को खेत में गया तो तार उखड़ी हुई थी। कंट्रोलर मोटर पंप भी गायब था। इस शिकायत पर मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बहादुरगढ़ 'अनाज मंडी' में कब्जों की भरमार, किसानों को 'नई' की दरकार

## अनाज मंडी छोटी पड़ने के कारण किसान परेशान हाईकोर्ट में अटकी भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की अनाज मंडी में किसान और फसलों के लिए निर्धारित स्थान पर कब्जों की भरमार के कारण यहां जगह कम पड़ने लगी है। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए आसौदा, छारा या फिर झज्जर की मंडियों तक जाना पड़ता है, जिससे उनके समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। हालांकि नई अनाज मंडी के लिए अधिग्रहण की प्रकिया गत 15 सालों से जारी है। लेकिन मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण नई अनाज मंडी का निर्माण अटका हुआ है।

बता दें कि दशकों पुरानी बहादुरगढ़ की अनाज मंडी अब छोटी पड़ने लगी है। जब भी खरीफ व रबी की फसल की आवक शुरू होती है, तो मंडी में फसल के लिए जगह ही नहीं बचती। किसानों के साथ ही फसल के लिए निर्धारित जगह अवैध कब्जों की भेंट चढ़ चुकी है। किसान इधर-उधर अपने वाहनों को खड़ा करते हैं और सड़क किनारे अपनी फसल को डालने के लिए मजबूर होते हैं। यही नहीं मंडी में समस्याओं का भी अंबार है। ऐसे में नई अनाज मंडी की बेहद जरूरत है।

दरअसल, करीब 15 साल पहले नई अनाज मंडी के लिए बालौर के निकट 56 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई थी। लेकिन औपचारिताओं में त्रुटि के कारण पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने यह अधिग्रहण रद कर दिया था। इसके उपरांत सरकार ने 29 फरवरी 2016 को नए सिरे से अनाज मंडी के लिए बालौर गांव के रकबे में 54 एकड़ 7 कनाल 7 मरले जमीन अधिग्रहित की थी। इसमें से 74 प्रतिशत किसानों ने मुआवजा उठा लिया। लेकिन कई किसान अधिग्रहण के विरुद्ध अदालत में चले गए।

हरियाणा राज्य कृषि एवं विपणन बोर्ड ने हाईकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट में इससे जुड़े मुकदमों की मजबूती से पैरवी की। जिसके फलस्वरूप हाईकोर्ट ने एक मामले में 6 दिसंबर 2023 को विभाग के पक्ष में निर्णय दिया। इसके अलावा 2 अन्य केसों में 27 मई 2024 को विभाग के अधिग्रहण को सही ठहरा दिया। अब एक ही केस हाईकोर्ट में चल रहा है। जिसमें अगली सुनवाई 18 अप्रैल को प्रस्तावित है। हालांकि हैरत का विषय यह है कि विभाग द्वारा कोर्ट में लंबित मामले को छोड़कर शेष भूमि पर नई अनाज मंडी बनाने का काम शुरू क्यों नहीं कर रहा?



**बहादुरगढ़।** शहर की अनाज मंडी में सड़क पर फैला गेहूं का ढेर।



**बहादुरगढ़।** अनाज मंडी की फड़ पर लगे सरसों के बोरे।

### खरीद की तैयारियां पूरी

अनाज मंडी में सरसों व गेहूं की खरीद के लिए तैयारियां लगभग पूरी है। किसानों के लिए पेयजल, शौचालय और सुरक्षा के लिए प्रबंध किए गए हैं। किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो रही। नई अनाज मंडी की अधिग्रहण प्रकिया से संबंधित केस हाईकोर्ट में पेंडिंग हैं। निर्विवादित जमीन पर प्लानिंग के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है। नई अनाज मंडी विस्तृत रूप लिए होगी और बुनियादी ढांचागत सुविधाएं मुहैया होने से किसानों, आढ़तियों, व्यापारी व आम आदमी को खरीद-फरोख्त का बेहतर माहौल मिलेगा।

- **अंजू रानी**, सचिव, एचएसएएमबी

नई मंडी के निर्माण से किसानों के साथ ही व्यापारियों को भी लाभ होगा। उन्हें अधिक जगह और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। अनाज मंडी में सरसों की फसल लेकर आए किसान रामनिवास, अजीत सिंह व राजेश ने बताया कि मंडी में प्रवेश करना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। ट्रैक्टरों को मंडी में पहुंचने में परेशानी होती है। यहां तेज धूप में भी किसानों के बैठने के लिए भी जगह नहीं है। यहां मूलभूत सुविधाएं नहीं होने से भी परेशानी है। नई मंडी बनने के बाद किसान आसानी से अपनी फसल बेच सकेंगे और उन्हें कहीं और जाने की जरूरत नहीं होगी।

### मंडियों में बढ़ी गेहूं की आवक

**बहादुरगढ़।** अनाज मंडियों में गेहूं की आवक तेजी से बढ़ रही है। मंगलवार तो आसौदा स्थित मंडी में 115 सरकारी गेट पास कटे और 8847.5 क्विंटल गेहूं आया। वहीं बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 13 सरकारी गेट पास कटे और 2649.5 क्विंटल फसल आई। आसौदा की मंडी में 7672 तो बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 795.5 क्विंटल फसल खरीदी गई। बीते दो दिन से सरकारी खरीद हो रही है। दोनों ही मंडियों में अब तक 12999 क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। गेहूं की उठान प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हो सकी है। दूसरी तरफ बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में सरसों की खरीद प्रक्रिया चल रही है। मंगलवार को 27 गेट पास कटने के साथ 432 क्विंटल सरसों आई और 666 क्विंटल खरीदी गई।



## धीमे उठान पर खरीद एजेंसियों को उपायुक्त ने लगाई फटकार



**झज्जर।** मंगलवार को लघु सचिवालय में प्रशासनिक, संबंधित विभागीय अधिकारियों और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ डीसी प्रदीप दहिया ने खरीद प्रक्रिया की समीक्षा बैठक की। उन्होंने खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदे गए अनाज के उठान कार्य की धीमी गति होने पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि उठान प्रक्रिया में तेजी लाएं, भंडारण के लिए पूरी व्यवस्था करें ताकि गाड़ी को गोदामों में तुरंत खाली किया जा सके। इस कार्य में कोताही और लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। डीएफएससी अशोक शर्मा ने बताया कि अब तक जिले में कुल 15 हजार 684 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हुई है, जबकि 23 हजार 43 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है।

## दिल्ली में आईपीएल मैचों के चलते देर तक मिलेगी मेट्रो ट्रेन

बहादुरगढ़। दिल्ली में होने वाली आईपीएल के मुकाबलों को देखते हुए डीएमआरसी ने मेट्रो के समय में बदलाव करने का निर्णय लिया है। तमाम दसों लाइनों की अंतिम गाड़ी के समय में 45 मिनट से लेकर दो घंटे तक बढ़ोतरी की गई है ताकि मैच देखने के बाद लोगों को अपने घरों तक पहुंचने में सुविधा हो। दरअसल, आईपीएल के तहत दिल्ली के अरुण जेटली फिरोजशाह कोटला मैदान में 13, 16, 27, 29 अप्रैल तथा 11 मई को मैच होने हैं। स्टेडियम तक पहुंचने के लिए बहुत से लोग मेट्रो को तवज्जो देते हैं। दिल्ली में मैचों के दौरान डीएमआरसी यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाती है। इस बार भी अंतिम मेट्रो के समय में बढ़ोतरी की गई है। ट्रिप भी बढ़ाई गई हैं। आमदिनों में अधिकांश लाइनों पर अंतिम मेट्रो 11 बजे उपलब्ध रहती है लेकिन मैच वाले दिन किसी लाइन पर पौना घटा तो किसी पर दो घंटे देरी तक मेट्रो उपलब्ध रहेगी। बहादुरगढ़, रोहतक से भी बड़ी संख्या में लोग मैच देखने जाते हैं। ऐसे में इन यात्रियों को भी काफी सुविधा रहेगी।

## घर बैठे मुनाफा कमाने के चक्कर में गंवाए 2.76 लाख

झज्जर : घर बैठे ऑनलाइन काम करके मुनाफा कमाने के चक्कर में फिर से एक युवक साइबर ठगों का शिकार होकर लाखों रुपये गंवा बैठा। अबकी बार साइबर ठगों द्वारा उखलचना कोट निवासी एक युवक को करीब पौने तीन लाख रुपये की चपत लगाई है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि बीती 24 मार्च को उसके मोबाइल पर फोन द्वारा घर पर बैठकर काम करने के बदले मुनाफा कमाने की जानकारी दी गई। इसके बाद व्हाट्सअप चैट के माध्यम से उन्होंने बताया कि इस प्रकार का मुनाफा कमाने के लिए उन्हें पन्द्रह फीसदी राशि पहले जमा करानी पड़ेगी जिसके बाद एक लिंक भेजा जाएगा जहां से वह अपना मुनाफा निकाल सकता है। पीड़ित के अनुसार इसके उपरांत उसने अपने एक खाते से पहले 999 रुपये लगाए। बाद में उसने शातिरों के कहे अनुसार अपने खाते से कुल 2 लाख 76 हजार रुपये लगा दिए। जब उसने अपना मुनाफा निकालना चाहा तो शातिर ठगों द्वारा उसका नंबर ब्लॉक कर दिया गया। जिसके बाद उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ तो उसने साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

## लुहारी में 15 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जली

- सूचना के दो घंटे बाद पहुंचे दमकलकर्मी
- 25 से 30 एकड़ के फाने भी जले

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव लुहारी के खेतों में अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते खेत में खड़ी कई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आस-पास के खेतों में काम कर रहे श्रमिकों ने जब धुंआ उठते देखा तो इसकी सूचना पुलिस व फायर बिग्रेड कर्मचारियों को दी। मंगलवार दोपहर बाद करीब तीन बजे लगी यह आग जब धीरे-धीरे विकराल रूप धारण करने लगी तो लुहारी क्षेत्र की कंपनियों में कार्यरत श्रमिक भी किसानों व ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा आग पर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। लेकिन जब तक स्थिति को नियंत्रण में लाया गया तब तक जहां करीब 14-15 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई वहीं 25 से 30 एकड़ में खड़े गेहूं की फानी भी जल कर स्वाहा हो गई। जानकारी के अनुसार इस आगजनी की घटना में किसान अर्जुन पुत्र सांवत, कंवरपाल पुत्र सांवत, देवेंद्र पुत्र रामनारायण व महेश पुत्र भगवत की 14 से 15 एकड़ की गेहूं की खड़ी फसल बर्बाद हो गई। किसानों का यह भी कहना रहा कि फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को समय रहते सूचना दी गई थी लेकिन उसके बावजूद भी वे करीब दो घंटे में वहां पहुंचे।



## दिनेश ने जार्जिया के पहलवान को हराकर जीती दो लाख की कुश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हिमाचल प्रदेश में हुए कुश्ती दंगल में झज्जर जिले का पहलवान दिनेश धनखड़ छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए दिनेश उर्फ गोलिया पहलवान ने जार्जिया के पहलवान को हराकर खिताब हासिल किया। आयोजकों की ओर से उसे गदा, दो लाख रुपये की ईनाम राशि से सम्मानित किया गया। दरअसल, हिमाचल के बलद्वाड़ा में हिंद केसरी दंगल का आयोजन हुआ था। देशभर के विभिन्न अखाड़ों के पहलवानों ने इसमें भाग लिया। झज्जर जिले के दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया पहलवान ने भी जोर आजमाइश की। दंगल में दिनेश और जार्जिया के पहलवान के बीच खिताबी मुकाबला हुआ। इस मुकाबले में दिनेश पूरी तरह से हावी रहा। अंत में उसने जार्जिया के पहलवान को चित्त कर कुश्ती जीत ली। आयोजकों और अतिथियों की ओर से दिनेश को गुर्ज, हिंद केसरी टाइटल और दो लाख रुपये की ईनामी राशि से सम्मानित किया गया। हेवीवेट 125 किलोग्राम फ्री स्टाइल शैली का पहलवान दिनेश झज्जर जिले के गांव गोयला कलां से है। गोधड़ी अखाड़े में अभ्यास करता है और सर्विसेज की ओर से खेलता है।





**बहादुरगढ़।** पहलवान दिनेश को सम्मानित करते आयोजक व अतिथि।

### जॉर्डन में पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया

बीते दिनों ही जार्डन में दिनेश ने देश के लिए मेडल जीता था। दिनेश का कहना है कि उसके गुरु, परिवार व साथी पहलवान उसे मोटिवेट करते हैं। उसका सपना देश के लिए ओलंपिक में मेडल जीतना है।

# टॉयलेट के बहाने पुलिस की हिरासत से भागा शातिर

## ■ नवीन उर्फ झब्बू पर जानलेवा हमला करने सहित पांच मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न मामलों में संलिप्त एक आरोपी पुलिस की हिरासत से भाग निकला। देर रात करीब डेढ़ बजे वह टॉयलेट के बहाने वॉशरूम तक गया और पुलिसकर्मी को धक्का देकर चंपत हो गया। पुलिस की कई टीमें आरोपी की तलाश में भागदौड़ कर रही हैं लेकिन मंगलवार शाम तक वह पकड़ से बाहर था। वहीं, इस दौरान तैनात कर्मचारियों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई होगी। दरअसल, गत 25 फरवरी को बुपनिया के निवासी दीपक को फोन पर गोली मारने की धमकी दी गई थी। जब वह पुलिस स्टेशन में शिकायत करने गया तो प्लॉट पर मौजूद उसके पिता पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग हो गई। तब दीपक की शिकायत पर गांव के ही निवासी नवीन उर्फ झब्बू व अन्य के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। मामले की तह तक जाने के लिए सीआईए-2 बहादुरगढ़ ने आरोपी नवीन को दो दिन के रिमांड पर लिया था। बताते हैं कि रात करीब डेढ़ बजे वह उठा और वहां मौजूद पुलिसकर्मी से लघुशंका जाने के लिए कहा। उसे टॉयलेट तक ले गए तो अचानक आरोपी ने पुलिसकर्मी को धक्का दिया और तेजी से कुंडी आदि खोलकर वहां से निकल भागा। एकाएक हुए इस घटनाक्रम से वहां मौजूद पुलिसकर्मी भी हैरत में पकड़ गए। आरोपी पर जानलेवा हमला करने सहित पांच मुकदमे दर्ज बताए जाते हैं। मंगलवार देर रात तक आरोपी को सुराग नहीं लगा था।





**बहादुरगढ़।** नवीन की फरारी के बाद नाकेबंदी कर जांच करती पुलिस।

### आरोपी के खिलाफ सेक्टर छह थाने में केस दर्ज

सोमवार रात को एक आरोपी कर्मचारियों की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ सेक्टर-6 थाने में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी के भागने में जिस भी कर्मचारी की लापरवाही रही, उस पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

- **मयंक मिश्रा**, डीसीपी, बहादुरगढ़

## पेड़ से टकराई बाइक पूर्व सैनिक की मौत

**झज्जर ।** क्षेत्र के गांव चिमनी के नजदीक एक मोटरसाईकिल असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसके कारण मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान जिले के धनिया गांव निवासी सतेंद्र पुत्र आखेराम के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक सतेंद्र आर्मी से सेवानिवृत्त था। वह सोमवार को अपनी बहन की ससुराल जा रहा था। इसी दौरान जब वह चिमनी मोड के नजदीक पहुंचा तो उसकी मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ से जा टकराई। टक्कर लगने से आई गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

## सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख ठगे

**झज्जर।** फोन हैक करके कांटेक्ट नंबर व गैलरी के फोटो वायरल करने के नाम पर जिले के गांव कोंद्रावली निवासी एक युवक से शातिर ठगों ने पांच लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार उसके पास बीते वर्ष जुलाई माह में एक व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसे बताया कि उसने उसका फोन हैक कर लिया है अब उसके फोन के सभी कांटेक्ट और गैलरी के फोटो उसके पास है। उसने जब सभी फोटो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी वह डर गया और उसने अपने खाते से पांच लाख रुपये आरोपी व्यक्ति के कहे अनुसार अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसने साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



## जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

लाइफ Style



# अपूर्वा

## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंग: इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।

उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।

हॉलीवुड मसाला



## 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।



## आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल: द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



## नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



## 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

टीवी मसाला




## कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमों में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल



मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'

## 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।



***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

## इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी

*__नई दिल्ली।__ अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए। अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरु ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट*



*उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*

### इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना

आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फ़िल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फ़िल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

## अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान

# इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल


*__नई दिल्ली।__ किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*

**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि,



ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।

**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू: पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।



**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।



**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।




**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### स्कूल के लिए निकला छात्र चार दिन से लापता

**बावल।** बावल क्षेत्र के नैचाना रोड से स्कूल के निकला 10 वर्षीय छात्र लापता हो गया। गांव बेलदारीया नालंदा बिहार निवासी धमेन्द्र ने बावल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नैचाना रोड पर किराये पर रहता है और कबाड़ का काम करता है। उसका बड़ा बेटा हिमांशु नैचाना रोड स्थित विश व भारत हाई स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ता है। 5 अप्रैल को सुबह 8 बजे हिमांशु घर से पैदल स्कूल गया था, जोकि अभी तक वापस नहीं आया है। पूछताछ करने पर पता चला कि वह स्कूल में भी नहीं पहुंचा। आस पड़ोस व रिश्तेदारी में पता करने पर भी उसका सुराग नहीं लगा है। पुलिस से गुमशुदगी का केस दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

### सोलर प्लेट तोड़ ट्यूबवेल से केबल ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** गांव फदनी से चोर ट्यूबवेल से कॉपर की केबल चोरी कर ले गए। चोरों ने किसान की सोलर प्लेट भी तोड़ डाली। गांव फदनी निवासी नवीन कुमार ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को बताया कि उसने अपने पिता अशोक कुमार के नाम से सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन लिया हुआ है। गत 23 फरवरी को चोर सोलर प्लेट से बोरवेल तक जुड़ी करीब 90 मीटर केबल काटकर चोरी कर ले गए तथा 2 सोलर प्लेटों को भी तोड़ दिया।

### मंदिर परिसर में कीर्तन कर माता का भजनों से गुणगान किया

# तेरे दर पर जिसने भी झोली फैलाई ,तूने मैया उसकी तकदीर बनाई... भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु


झज्जर। मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में माता का गुणगान करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बाबा कांशीगिरी मंदिर महिला कीर्तन मंडली ने मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन कर सर्व मंगल की कामना की और मंदिर परिसर में कीर्तन कर माता का भजनों से गुणगान किया। इस दौरान इंदु भुगड़ा, शशी खत्री, किरण अरोड़ा, संगीता वर्मा, यशिका रंजन, पूनम छाबड़ा, सुषमा गोसाई ने सामूहिक भजन तेरे दर पर जिसने भी झोली फैलाई है तूने मैया उसकी तकदीर बनाई है...संतोष हंस ने मां शेरों वाली कृपा कीजिए..आंचल में छिपा लीजिए..संगीता वर्मा ने मेरा सुखी रहे परिवार माता कृपा करो..मेरा इन्ही से है संसार माता कृपा करो..किरण अरोड़ा, शशी बहल ने मेरी झोली छोटी पड़ गई रे इतना दिया मेरा माता..,तेरा दर्शन पाने हम भी आए है, बेरी वाली को मनाने हम भी आए है..भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को

**झज्जर।** स्थानीयऑफिसर कॉलोनी स्थित श्रीहनुमान मंदिर में आगामी 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के महंत अनिल कपूर ने बताया कि जन्मोत्सव की सुबह सात बजे सुंदरकांड पाठ, आठ बजे हवन एवं कन्या पूजन कार्यक्रम तथा इसके उपरांत करीब बारह बजे भंडारे का आयोजन होगा। इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से न केवल धार्मिक आस्था बढ़ती है बल्कि समाज में आपसी प्रेम, एकता और सेवा भाव को भी बढ़ावा मिलता है।

## महाराज आनंददास की स्मृति में हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

मंगलवार को शहर के कोसली रोड स्थित आनंद आश्रम में भंडारे का आयोजन किया गया। आश्रम के महंत अजय दास महाराज ने बताया कि बाबा आनंद दास की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उनके आश्रम में दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार की रात्रि जहां सत्संग का आयोजन कर श्रद्धालुओं व गायक कलाकारों द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान किया गया वहीं बाबा आनंद दास की प्रतिमा पर दाल-रोटी का भोग लगाया गया। सत्संग के दौरान जहां महंत अजय दास ने स्वयं एक भजन के माध्यम से गुरु की महिमा बताई। उन्होंने बाबा आंनद दास के जीवन के संबंध में भी श्रद्धालुओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। दूसरे दिन मंगलवार को सुबह हवन कार्यक्रम तथा कन्या पूजन उपरांत आश्रम में विराजित सभी साधु संतों की प्रतिमाओं को जलेबी व सब्जी-पूरी का भोग लगाया गया। इसके बाद भंडारे की शुरूआत हुई। भंडारे के दौरान सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सेवा करने वाले श्रद्धालुओं में रोशनी देवी, सीमा रानी, अनीता, काले, राजेंद्र, प्रदीप, मिनाक्षी, विक्की, अश्वनी, अनिल, अजीत, दीपक, उमाशंकर वर्मा, अमित पंछी, दीना, बिमला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# नए सदस्य जोड़ने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान को सशक्त करने के उद्देश्य से मंगलवार को शहर के पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सम्मेलन के संयोजक एवं जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दें। इस दौरान संगठन के विस्तार और पीएम मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संगठन के विस्तार के लिए अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने के संबंध में शपथ भी दिलाई गई। इसके अलावा आगामी 14 अप्रैल को हिसार में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर भी मंथन किया गया।


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पंचों व सरपंचों को संबोधित करते हुए तहसीलदार सृष्टि दूहन।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**बेरी।** मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बीडीपीओ कार्यालय परिसर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत समाज के उत्थान में महिला सरपंचों-पंचों की सक्रिय भागीदारी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार सृष्टि दूहन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए महिलाओं को पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, ताकि वे देश व समाज के उत्थान में अपने दायित्वों का सक्रियता से निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि महिला सरपंच और पंच के रूप में उनकी सक्रिय भागीदारी न केवल उनके गांव या समुदाय के लिए लाभकारी है, बल्कि समाज में समानता और न्याय की स्थिति को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में नशा, बाल विवाह,कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों को जड़मूल से समाप्त करने का संकल्प लें। जिससे देश, समाज और तेज गति से विकास कर सके।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

- बिजेंद्र पांचाल ने मंदिर संचालक बाबा दुर्गा नाथ को मंदिर में बनी गोशाला के लिए एक लाख रुपये की नकद राशि व अन्य सामान भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। दान देने वाले श्रद्धालुओं को सम्मानित करते हुए बाबा दुर्गानाथ।

बाबा प्रेम नाथ आश्रम धौड़ मे मंगलवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के दौरान मंदिर कमेटी की ओर से सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मोहमदाबाद निवासी बिजेंद्र पांचाल ने मंदिर संचालक बाबा दुर्गा नाथ को मंदिर में बनी गौशाला के लिए एक लाख रुपये की नकद राशि व अन्य सामान भेंट किया। मंदिर संचालक बाबा दुर्गा नाथ ने कहा कि भगवान की शरण ही हर इंसान को भवसागर से पार ले जा सकती है। नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसलिए हर इंसान को दूसरे जीवों की भी सेना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शास्त्र हमें सिखाते हैं कि हर इंसान में हर जीव के प्रति सेवा भाव होना चाहिए।

# कार में मिला ट्रांसपोर्ट कारोबारी का जला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- कापसहेड़ा थाना इलाके के बिजवासन की घटना

कापसहेड़ा थाना इलाके के बिजवासन रोड फ्लाईओवर के पास सोमवार देर रात एक कार में आग लग जाने के बाद 42 वर्षीय ट्रांसपोर्ट कारोबारी जिंदा जल गया। कार से उसका शव मिला पूरी तरह से जला हुआ मिला। बाद में मृतक की पहचान गुरुग्राम के पालम विहार क्षेत्र निवासी संदीप के रूप में हुई। वह दिल्ली के आर. के. पुरम में 'टैक्सी ट्रांसपोर्ट' का व्यवसाय करता था और घटना के समय अपने कार्यालय से घर लौट रहा था। पुलिस के अलावा फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाकर जांच पड़ताल करवाई गई। घटनाक्रम जानने के लिए पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है। अग्निशमन विभाग को इस घटना की सूचना सोमवार रात करीब 10 बजकर 32 मिनट पर मिली। दमकल के दो वाहनों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया और रात 11 बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। दमकल अधिकारी ने कहा कि आग बुझाने के बाद दमकल व पुलिसकर्मियों को वाहन के अंदर से एक व्यक्ति का शव मिला जो पूरी तरह जला हुआ था। कार टोयोटा ग्लैंजा बताई गई है। प्रारंभिक जांच में पता लगा है कि कार बिजवासन फ्लाईओवर से द्वारका एक्सप्रेसवे की ओर जा रही थी। वाहन के पंजीकरण विवरण की मदद से मृतक के परिजन को मौके पर बुलाया गया।

## आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाने वाले छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों पर सट्टा लगाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये पहाड़गंज से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लक्ष्मी नारायण स्ट्रीट स्थित एक परिसर में छह अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गये मैच पर कथित तौर पर सट्टा लगा रहे थे।

पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कथित परिसर पर छापा मारा था। सटोरिये लैपटॉप और मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर सट्टा लगा रहे थे। छापे के दौरान सट्टा रिकॉर्ड करने के लिए इस्तेमाल में लाये जा रहे पांच मोबाइल फोन, एक टैबलेट, एक लैपटॉप और कई नोटबुक जब्त किए गए।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह पर जिला प्रशासन की सख्त निगरानी


झज्जर। मीटिंग में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए एडीसी सलोनी शर्मा। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई समाज से धीरे-धीरे खत्म हो रही है। इस सामाजिक बुराई को समाज में पूरी तरह से जड़ से खत्म करने के लिए जिला प्रशासन सामाजिक जागरूकता बढ़ाते हुए लगातार गंभीरता से कार्य कर रहा है। एडीसी सलोनी शर्मा ने बाल विवाह के मामलों को रोकने के उद्देश्य से आयोजित मीटिंग के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया जैसे पारंपरिक विवाह अवसर पर संभावित बाल विवाह की घटनाओं पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मीटिंग में मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों के प्रतिनिधियों भी शामिल हुए व सभी ने एक स्वर में बाल विवाह के मामलों को रोकने के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने व हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## चाकू के हमले में जख्मी युवती की हालत खतरे से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- रविवार रात बस स्टॉप पर किये गये थे चाकू से वार
- शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर दिया वारदात को अंजाम
- पुलिस युवती के बयान का कर रही इंतजार

दिल्ली कैंट इलाके में रविवार रात एक बस स्टॉप पर सरेआम चाकू से ताबड़तोड़ वार में घायल 17 वर्षीय नाबालिग लड़की की हालत अब खतरे से बाहर है। पीड़ित लड़की को आईसीयू से स्थानांतरित किया गया है। पुलिस अब उसका बयान दर्ज करने का प्रयास करेगी। पुलिस का कहना है कि हमने युवती का पहले भी बयान दर्ज किया था, लेकिन वह काफी समय तक होश में नहीं थी। अब हम उसके ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। वह ठीक से बात करने की स्थिति में आ जाएगी तो दोबारा उसका विस्तृत बयान दर्ज किया जाएगा। नाबालिग लड़की पर अमित (20) ने शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर चाकू से हमला किया था। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें युवक और युवती दोनों खून से लथपथ हालत में सड़क किनारे बैठे दिखाई दे रहे हैं। पुलिस की तहकीकात में पता चला कि दोनों पिछले साल से दोस्त थे। लकिन्हीं कारणों से आजकल लड़की अमित से दूरी बना रही थी। इस वारदात के बाद आरोपी युवक ने खुद को भी घायल कर लिया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी की हालत अभी भी गंभीर है। अभी तक उसका बयान भी दर्ज नहीं किया जा सका है। एक बार जब वह खतरे से बाहर आ जाएगा तो हम उससे पूछताछ करेंगे।

## मैथ ओलंपियाड में इंडो अमेरिकन के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट


झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित ओलंपियाड के सफल विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने एसओएफ द्वारा आयोजित मैथ ओलंपियाड में सफलता हासिल कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि इस ओलंपियाड में पहली कक्षा से तामसी, नायरा और लाव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी से मयंक प्रथम, वासु द्वितीय और सत्यप्रकाश तृतीय रहा। इसी प्रकार चौथी कक्षा से पलक, छठी कक्षा से नीलांशी व परी, सातवीं कक्षा से नारायण, दक्ष और आदित्य सोनी प्रथम रहे जबकि हृदय ने द्वितीय तथा हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आठवीं कक्षा से दीपिका ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। ओलंपियाड के सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर निदेशक बिजेंद्र कादियान ने स्कूल स्टॉफ सदस्यों व अभिभावकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सभी छात्राओं को नशे के कारण व कुप्रभावों से सचेत किया

# स्वयंसेविकाओं ने निकाली जागरुकता रैली


बहादुरगढ़। रैली को रवाना करते श्रीनिवास गुप्ता व अन्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किय

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य सप्ताह मिशन के पांचवें दिन मंगलवार को यूथ रैडक्रॉस व आउटरीच सैल की स्वयंसेविकाओं ने जागरुकता रैली निकाली। उन्होंने सभी छात्राओं को नशे के कारण व कुप्रभावों से सचेत किया। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि नशा जीवन का नाश करता है, इसलिए नशे से दूर रहना चाहिए। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि नशे से प्रभावित व्यक्ति अपने साथ ही परिवार व समाज के लिए भी बोझ के समान होता है। नशीले पदार्थों का सेवन मनुष्य को मृत्यु के द्वार तक ले जाता है। देश के नागरिक स्वस्थ ही विकास में योगदान से सकते हैं। उपप्रधान प्रेमचंद बंसल ने स्वयंसेविकाओं को स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने छात्राओं को ऐसी मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रीति व डॉ दीपिका यादव ने रैली के सफल आयोजन में योगदान किया।

### विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी

**बहादुरगढ़।** शहर के रेलवे रोड स्थित एक कोचिंग सेंटर में कानूनी जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र दहिया, एडवोकेट कार्तिक खंडेलवाल, वर्षा कनौजिया तथा लक्ष्मी ने विद्यार्थियों को जागरुक किया। सत्येंद्र दहिया ने कहा कि हमें सदैव कानून की पालना करनी चाहिए। कानूनी साक्षरता का प्रचार व प्रसार करना अति आवश्यक है। अधिवक्ता कार्तिक खंडेलवाल ने अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में बताया। साथ ही साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एडवोकेट वर्षा कनोजिया ने कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा एवं नशा खोरी आदि सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया। एडवोकेट लक्ष्मी ने निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाली साक्षी, एकता, सचिन, आदि, सेजल व मनीष को संस्थान की ओर से प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जगबीर सिंह, विजेंद्र सिंह, अनीता, भारती व विवेक आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



झज्जर। बैठक के दौरान उपस्थित रोहतक मंडल आयुक्त पीसी मीणा व डीसी प्रदीप दहिया। फोटो: हरिभूमि

### वित्त आयुक्त ने वीसी के माध्यम से की समीक्षा

**झज्जर।** मंगलवार को हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉक्टर सुमिता मिश्रा ने हीट वेव प्रबंधन की तैयारियों और राजस्व मामलों को लेकर जिला प्रशासन के साथ वीसी के माध्यम से बैठक की। रोहतक मंडल आयुक्त पीसी मीणा और उपायुक्त प्रदीप दहिया वीसी के माध्यम से हुई बैठक में शामिल हुए। रोहतक मंडल आयुक्त पीसी मीणा ने वीसी उपरांत हीट वेव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

### नाबालिग सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा ग्वालिसन गांव में मकान से चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। छुछकवास चौकी प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि हरपाल निवासी ग्वालिसन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए दो आरोपियों की पहचान सूरज और मोनू निवासी ग्वालिसन के तौर पर की गई है।

## घरेलू गैस के दाम 50 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ाने के खिलाफ प्रदर्शन

# एलपीजी के बढ़े दाम वापस लेने की मांग

सरकार ने बिजली के दाम बढ़ाए और गार्बेज कलेक्शन चार्जिज लगाए। लोगों पर एक के बाद एक टैक्स तथा महंगाई का बोझ लादा जा रहा है।



बहादुरगढ़। रसोई गैस के दाम बढ़ाने का विरोध करते एसयूसीआई के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने बीजेपी सरकार द्वारा घरेलू गैस के दाम 50 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ाने के खिलाफ मंगलवार को लाइनपार में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए रसोई गैस के बढ़ाए गए दाम वापस लेने की मांग की।

पार्टी के जिला कमेटी सदस्य रामकिशन ने कहा कि कुछ दिन पहले केंद्र सरकार ने टोल टैक्स के रेट बढ़ाए थे। हरियाणा सरकार ने बिजली के दाम बढ़ाए और गार्बेज कलेक्शन चार्जिज लगाए। लोगों पर एक के बाद एक टैक्स तथा महंगाई का बोझ लादा जा रहा है।

उन्होंने इसकी कड़ी निंदा करते हुए मेहनतकश लोगों से इसके खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। राजेश, श्यामलाल तथा हवा सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया में कच्चे तेल के दाम घट रहे हैं और भारत सरकार दाम बढ़ा रही है। अंजु, ओमपति, सुदेश तथा सुनीता ने कहा कि सरकार महंगाई घटाने की बजाय लगातार इसे बढ़ाती जा रही है। सरकार की प्राथमिकताओं में गरीब लोग नहीं हैं।

### रसोई गैस के दाम बढ़ाना जनविरोधी



इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाए गए रसोई गैस सिलेंडर की कीमत को जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि एलपीजी के दाम में 50 रुपए की वृद्धि से आम आदमी पर महंगाई का चाबुक चला है। जिसे इनेलो कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। शीला नफे सिंह राठी ने कहा कि जनता पहले ही महंगाई की मार झेल रही है और अब रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि होने से रसोई का बजट प्रभावित होगा। दाल, सब्जियों, खाद्य तेल, आटा व राशन का दूसरा सामान पहले से ही महंगा है। चुनाव के दौरान 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के दावे भाजपा ने किए, लेकिन आम वर्ग को मिलने वाले रसोई गैस सिलेंडर के दामों के अलावा उज्ज्वला योजना के सिलेंडरों के दामों को भी बढ़ा दिया गया है। अब जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि इनेलो आम जनता के साथ खड़ी है और आमजन पर महंगाई के बोझ को कम करने की मांग कर रही है। शीला राठी ने कहा कि बढ़े हुए रसोई गैस के दामों को तुरंत प्रभाव से वापिस लेने की मांग की है, ताकि जनता पर पड़ रही महंगाई की मार से उन्हें कुछ राहत मिल सके।




बहादुरगढ़। झज्जर मोड़ पर लगी आग बुझाने पहुंची दमकल की गाड़ी।

## निजी बैंक में लगी आग, फर्नीचर सहित अन्य सामान जलकर राख

**बहादुरगढ़।** झज्जर मोड़ स्थित एक निजी बैंक में आग लग गई। आग से फर्नीचर सहित कुछ अन्य सामान जल गया। दो दमकल गाड़ियों के सहारे कर्मचारियों ने आग पर नियंत्रण पाया। मंगलवार की शाम को यह घटना कैपिटल स्माइल फाइनांस बैंक में हुई।

दरअसल, यह बैंक अभी चालू नहीं हुआ है। इसमें काम चल रहा है। शाम को अचानक आग लग गई। सूचना पाकर दमकल विभाग की दो गाड़ियां आई। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

# एआई के खतरों के बारे विद्यार्थियों को किया सचेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा मंगलवार को दैनिक जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रदीप यादव ने किया।

व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कंप्यूटर विज्ञान के प्राध्यापक विकास सुहाग ने विभिन्न क्षेत्रों, व्यक्तिगत, पेशेवर, सामाजिक, मनोरंजन आदि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मानव बुद्धिमत्ता तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तुलनात्मक विवेचना करते हुए कृत्रिक बुद्धिमत्ता के लाभों और इसके कारण उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों के बारे में भी विद्यार्थियों को सचेत किया। इस दौरान मंच संचालन एक्सटेंशन लेक्चरर डॉक्टर अदिति कादियान ने किया। मौके पर कार्यालय सहायक नवीन कुमार भी उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# विजय प्रधान तो राहुल बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां बहादुरगढ़ की ओर से सैनिक नगर व डिफेंस कॉलोनी समिति का चुनाव संपन्न करा दिया गया। सर्वसम्मति से विजय दलाल को प्रधान चुना गया है। जबकि राहुल दहिया को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी तरह साहब सिंह को उपप्रधान, दाताराम को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि देवेंद्र मलिक, बबीता व जयवंती सदस्य बनाए गए हैं। चुने गए पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाने का भरोसा दिलाया। अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। समिति में शेयर हस्तांतरण व नामिनी हस्तांतरण पारदर्शी तरीके से किए जाने, सैनिक नगर व डिफेंस कॉलोनी में किरायेदारों की वेरिफिकेशन कराने, सामुदायिक केंद्रों की मरम्मत कराने तथा सैनिक नगर की लगी नंबर 13 से 18 तक की लंबित रजिस्ट्रियों को करवाने पर मंथन हुआ। दोनों कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। मौके पर पीठासीन अधिकारी दीपांशु, इंस्पेक्टर रमेश कुमार, रणधीर सिंह छिल्लर, कृष्ण दलाल, सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर रामधन, करतार सिंह, करतार सिंह दहिया, कैप्टन जयपाल, ओम धनखड़, प्रवीण दीक्षित, आजाद सिंह, अनीस शर्मा, राकेश, वजीर दहिया, अमित दलाल अमन मलिक, रामफल आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। समिति के सदस्यों के साथ चुने गए पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि



झज्जर। मीटिंग में उपस्थित साल्हावास खंड के स्कूल मुखिया। फोटो: हरिभूमि

# स्कूल मुखियाओं को किया विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में साल्हावास ब्लॉक के राजकीय स्कूलों के सभी स्कूल प्राचार्य, हाई स्कूल हेड्स, मिडिल स्कूल हेड्स, प्राइमरी स्कूल हेड्स की मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया। स्कूल के प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि मीटिंग में साल्हावास बीईओ रतिंद्र व बीआरसी हरिओम ने मीटिंग में मुख्य रूप से मौजूद रहे। बीईओ रतिंद्र ने सभी स्कूल मुखियाओं से बात कर छात्र संख्या बढ़ाने पर जोर देते हुए उनका लक्ष्य भी निर्धारित किया। उन्होंने स्कूल मुखियाओं से कहा कि वे प्रवेश उत्सव की दैनिक क्रियाओं का रजिस्टर बनाएं तथा अपने-अपने गांव में जाकर पहली कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का रिकार्ड भी बनाएं। उन्होंने सभी क्लस्टर हेड्स को अपने-अपने क्लस्टर का नोडल अधिकारी बनाने का निर्देश देते हुए उन्हें प्रतिदिन होने वाले दाखिलों की रिपोर्ट जमा करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय में जो सुविधाएं सरकार द्वारा दी जा रही हैं उनसे अभिभावकों को अवगत कराएं ताकि वे अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालय में करा कर सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने खंड के कई ऐसे सरकारी विद्यालयों का भी उदाहरण भी दिया जिनमें छात्र संख्या में इजाफा हुआ है।

# छिकारा ने की सीड एक्ट की पैरवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा ने हरियाणा सरकार द्वारा बीज विधेयक लाने का स्वागत करते हुए कहा कि यह किसानों के लिए संजीवनी बूटी का काम करेगा। उनके अनुसार इसके लागू होने से किसान को असली बीज, खाद व दवाइयां मिलना सुनिश्चित होगा।

सतीश छिकारा ने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार ने बीज, खाद व कीटनाशक दवाओं के अधिनियमों में संशोधन करके देश के किसानों को बचाने का काम किया है। नकली बीज, खाद व कीटनाशक बनाने व बेचने वालों पर जुर्माने व सजा का प्रावधान करने से नकली सामान पर अंकुश लगेगा।

ईमानदारी से काम करने वालों को इससे डरने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार गलत नीयत वालों के आगे झुकेगी तो भारतीय किसान संघ प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा। वेद सिंह सुहाग, चांद सिंह हुड्डा, सज्जन सिंह, चंद्रपाल, मुख्तार सिंह, रमेश छिल्लर, रामफल, कमल सिंह, पंकज अहलावत, गुलशन जांगड़ा



बहादुरगढ़। सीड एक्ट में संशोधन की पैरवी करते सतीश छिकारा व अन्य।



बहादुरगढ़। शिक्षकों और क्लब सदस्यों के साथ बच्चे। फोटो: हरिभूमि

# बच्चों को बांटी स्टेशनरी

**बहादुरगढ़।** लायंस क्लब बहादुरगढ़ टाउन ने बालोर स्थित विद्यालय के छात्रों को रजिस्टर, पेन सेट, पेंसिल बॉक्स और आवश्यक स्टेशनरी वितरित की गई। इस मौके पर क्लब के प्रधान लायन हेमंत सलूजा, सूबे सिंह, गुलशन शर्मा, संजय गुप्ता, स्वर्ण बतरा, हरिप्रकाश, अरुण पहुजा मौजूद रहे। बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया गया। प्रधान हेमंत ने कहा कि शिक्षा ही ज्ञान की कुंजी है। शिक्षा से सफलता प्राप्त होती है। क्लब के सदस्यों ने विद्यालय के अध्यापकों को यह विश्वास दिलाया कि भविष्य में किसी बच्चे की पढ़ाई में अगर किसी तरह की आवश्यकता पड़ती है तो क्लब उस आवश्यकता की पूर्ति के लिए उपलब्ध है। अध्यापकों ने भी लायंस क्लब के इस प्रयास की सराहना की।

## सभी जैन मंदिरों में भगवान महावीर जयंती पर कार्यक्रम कल

**बहादुरगढ़।** शहर में सभी जैन मंदिरों में भगवान महावीर जयंती वीरवार 10 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी। सुबह 6 सुबह बजे शांति धारा होगी और सुबह 7 बजे भगवान महावीर का अभिषेक किया। शाम के वक्त 7 बजे सभी जैन मंदिरों में आरती व भजन कीर्तन भी होगा। अनाजमंडी पक्षीदाना स्थल पांडूशिला के प्रधान सुनील जैन ने बताया कि पांडुशिला के पास दोपहर 12 बजे भंडारा भी आयोजित होगा।

# संगीत लेखन स्पर्धा में तन्नू रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के संगीत विभाग में मंगलवार को संगीत लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगीत विभागाध्यक्षा डॉक्टर तमसा की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता के विषय संगीत और प्रकृति, राष्ट्रीय एकता में संगीत का योगदान, संगीत और सौंदर्य, संगीत और प्रकृति रहे।

इस दौरान निर्णायक की भूमिका भूगोल प्राध्यापिका सुनीता बेनीवाल, जनसंचार प्राध्यापक डॉक्टर अमित भारद्वाज और संगीत प्राध्यापिका डॉक्टर तमसा ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा तन्नू ने पहला स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा बीए द्वितीय वर्ष की मुस्कान दूसरे तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल तीसरे स्थान पर रही। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ऋतु का लेखन भी प्रशंसनीय रहा। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।



झज्जर। संगीत लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# मजीद मोहल्ले में निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने मंगलवार को वार्ड-16 के मजीद मोहल्ले में गलियों व नालियों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। स्थानीय निवासियों ने सरोज राठी के साथ राजपाल शर्मा व सीमा सुनील राठी का भी स्वागत किया।

चेयरपर्सन ने कहा कि निर्माण कार्य में सामग्री की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। विकास कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि मजीद मोहल्ले में नालियों व गलियों को बनाने पर लगभग 34 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी। इस अवसर पर रमेश राठी, शतीश नंबरदार, पवन रोहिल्ला, संदीप सैनी, मनमोहित गुप्ता, बिमला वर्मा, संजय वर्मा, रविकांत भोंसले, ओमवीर शर्मा, बाला रानी, बिट्टू वर्मा, पवन वर्मा, मुकेश वर्मा, महेंद्र शर्मा, सत्या, कुसुम शर्मा, इंद्रावती, सुदेश शर्मा, कृष्णा देवी, ओमवती, मीना, सविता, ऊषा, संतोष, लीला व कविता आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। मजीद मोहल्ला में निर्माण कार्य का शुभारंभ करती चेयरपर्सन सरोज राठी।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरुक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

# बुपनिया में छात्रों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विशेष जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को सड़क सुरक्षा सेल प्रभारी सतीश कुमार की टीम द्वारा गांव बुपनिया में स्थित निजी स्कूल के विद्यार्थियों को साइबर क्राइम व यातायात के नियमों के संबंध में जानकारी दी गई। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि आजकल फेसबुक, व्हाट्सएप व अन्य सोशल साइट्स पर वीडियो कॉल स्कैम चल रहा है।

इससे बचने के लिए आप अपने फोन में आने वाले किसी भी कॉल को ना उठाएं। ओटीपी या बैंक से संबंधित कोई भी जानकारी किसी के साथ सांझा न करें। यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दो पहिया वाहनों पर हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। यातायात के नियमों का पालन करते हुए ही अपनी सुखद यात्रा का आनंद लें।

शराब पीकर कभी भी वाहन ना चलाएं। स्कूल प्रिंसिपल कविता जून ने विद्यार्थियों को पुलिस द्वारा दी गई जानकारी को अपने परिजनों के साथ सांझा करने के लिए प्रेरित किया गया।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया स्वच्छता के प्रति जागरूक



झज्जर। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में स्वच्छता का संदेश देते हुए विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांसड स्टडीज इन टीचर्स एजुकेशन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉक्टर ऋषि गोयल ने की। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सविता यादव ने बताया कि इस दौरान नवभारत यादव, मुकेश, दीपक सैनी व छात्र समिति के सहयोग से जागरुकता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन एवं प्लेकार्ड लेखन, ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉक्टर संतोष ने विद्यार्थियों को रैली में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने भगत सिंह चौक के नजदीक एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरुक भी किया। डॉक्टर सविता यादव ने बताया कि ऑनलाइन क्विज में झज्जर, गुरुग्राम व कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने भाग लिया।